नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणाप्रतापस्नातकोत्तरमहाविद्यालय

## जंगल धूसड़-गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ...................

दिनांक 23.11.2018

## प्रकाशनार्थ

पेड़ पौधों में जीवन के सिद्वान्त का प्रतिपादन करने तथा रेडियो और माइक्रोवेव आप्टिक्स के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महान वैज्ञानिक डॉ0 जगदीश चन्द्र बोस का विज्ञान के क्षेत्र में अतुल्य योगदान रहा है। वैज्ञानिक रहते हुए उन्होंने वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण खोज की आज उन्हीं के बदौलत हम पौधों और उनकी क्रियाओं को भलीभाँति जान पाये। बोस भारत वर्ष के महान वैज्ञानिकों में से एक थे। उपरोक्त बातें महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में सर जगदीश चन्द्रबोस पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वनस्पति विज्ञान की सहायक आचार्या सुश्री आम्रपाली वर्मा ने कहा। उन्होंने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद एवं सत्येन्द्रनाथ बोस सर जगदीश चन्द्र बोस के प्रमुख शिष्यों में से थे। सन् 1917 में ब्रिटिस सरकार द्वारा उन्हें 'नाइट' की उपाधि प्राप्त हुयी।

महाविद्यालय में 17–23 नवम्बर, 2018 तक होने वाले वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत आज प्रश्न मंच (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 प्रज्ञेश कुमार मिश्र एवं श्री सुबोध कुमार मिश्र ने बताया कि प्रतियोगिता में श्री शरद दूबे, श्री आलोक तिवारी, श्री सत्यप्रकाश तिवारी तथा श्री प्रकाश पाण्डेय को प्रथम; श्री विवेक विश्वकर्मा, श्री पंकज कुमार यादव, श्री सुनील कुशवाहा तथा श्री अंकित कुमार पाण्डेय को द्वितीय; श्री अमरनाथ दूबे, श्री अमर मिश्रा, सुश्री कुमारी निशा तथा श्री नीतिश कुमार तृतीय स्थान और श्री विवेक राय, श्री मनीष कुमार शर्मा, श्री आकाश यादव तथा श्री आदित्य प्रताप सिंह ने सान्त्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

कार्यक्रम में डॉ0 महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 अभय कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 अभिषेक सिंह, सुश्री अंजली सिंह, सुश्री रचना सिंह, श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव, श्री नन्दन शर्मा, डॉ0 वेंकट रमन पाण्डेय, डॉ0 कृष्ण कुमार, डॉ0 यशवन्त राव, डॉ0 विजय चौधरी, डॉ0 शिवकुमार वर्नवाल, डॉ0 सुभाष कुमार गुप्ता सहित शिक्षक विद्यार्थी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

**(डॉ0 राजेश शुक्ला)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी